वाणिज्य में स्नातक
(बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ. सी. -136: आयकर विधान एवं व्यवहार

सत्रीय कार्य

2023–24

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जुलाई 2023 से 30th जून 2024

तृतीय सत्र

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ. सी. -136: आयकर विधान एवं व्यवहार

सत्रीय कार्य 2023–24

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है । खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में दो अतिलघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो दिसंबर 2023 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं , उन्हें 15 अक्टूबर 2023 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो जून 2024 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे उसको 15 मार्च 2024 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**बी. सी. ओ. सी. -136**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**आयकर विधान एवं व्यवहार**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**बी.सी.ओ.सी.-136/टी. एम. ए./2023 - 24**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – क

(इस खण्ड में पाँच प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है)

1. आकस्मिक आय से आप क्या समझते हैं? आयकर कानून के अंतर्गत प्रावधानों का वर्णन कीजिए । (10)

2. श्री विकास को 4,000 रु. पेंशन मिल रही है। पिछले वर्ष, उन्होंने दो-तिहाई पेंशन एकमुश्त करवाई और रु. 1,86,000 प्राप्त किए , पेंशन की कर मुक्त राशि की गणना कीजिए , कर निर्धारण वर्ष 2022 -23 के लिए यदि (क) उसे ग्रेच्युटी भी प्राप्त हुई (ख) उसे ग्रेच्युटी प्राप्त नहीं है। (10)

3. गत वर्ष 2021-22 के लिए एक्स लिमिटेड के परिवार नियोजन के व्ययों की स्वीकृति के पहले की आय रु. 3,00,000 है कम्पनी ने गत वर्ष 2021 – 22 में परिवार नियोजन पर कर्मचारियों के ऊपर निम्न व्यय किए। (10)

	रु.
1) परिवार नियोजन पर आयगत व्यय	1,65,000
2) परिवार नियोजन पर पूंजीगत व्यय	9,00,00

क) कंपनी के परिवार नियोजन के व्यय की कटौती की गणना यह मानकर कीजिए कि कंपनी की अन्य स्त्रोतों से आय रु. 30,000 थी ।

ख) आपका उत्तर क्या होगा यदि परिवार नियोजन के आयगत व्यय रु. 1,65,000 के स्थान पर रु. 2,30,000 है ।

4. श्रीमती सुमन गर्ग द्वारा आय का निम्नलिखित विवरण कर निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए प्रस्तुत किया गया है। वह दिल्ली में रहती है. i) मूल वेतन 10,000 प्रतिमाह। ii) महंगाई भत्ता वेतन का 10% iii) मकान किराया भत्ता मूल वेतन का 30% iv) चिकित्सा भत्ता 200 रुपये प्रति माह। (अपने उपचार के लिए वास्तव में 2000 खर्च किये) v) वार्डन भत्ता रु. 400 प्रतिमाह । vi) मकान सम्पत्ति से किराया रु. 3,000 प्रति माह vii) प्रमाणित प्रोविडेंट फण्ड में अंशदान, मूल वेतन का 10% viii) मकान किराया भुगतान 6,000 रु प्रति माह ix) अनुमोदित पुण्यार्थ संस्था को रु. 20,000 का दान । कर निर्धारण वर्ष (10)

2022 – 23 के लिए आय की गणना कीजिए।

5. विभिन्न प्रकार की प्रतिभूतियों पर चर्चा करें? करमुक्त व्यापारिक प्रतिमूर्ति को सकल बनाये रखने के नियमों को समझाए। (10)

खण्ड – ख

(इस खण्ड में पाँच प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है)

6. किसी व्यक्ति को निवासी लेकिन मामूली तौर पर निवासी नहीं निर्धारित करने की प्रक्रिया समझाइए। (6)

7. दिखावटी लेनदेन के माध्यम से कर से कैसे बचा जाता है? (6)

8. मकान संपत्ति से आय की गणना में वार्षिक मूल्य को परिभाषित करें और उन कटौतियों का उल्लेख करें जो वार्षिक मूल्य से स्वीकार्य हैं। (6)

9. धारा 40 (b) के अंतर्गत फर्म की व्यापार एवं पेशे से आय की गणना में कौन सी मदें कटौती हेतु अमान्य है? (6)

10. आयकर रिटर्न दाखिल करने में देरी के परिणामों को संक्षेप में बताएं। (6)

खण्ड – ग

11. गत वर्ष की आय पर कर निर्धारण में कर लगाया जाता है"। व्याख्या करें। **(5)**

12. मकान किराया भत्ते की गणना के लिए क्या प्रावधान हैं? **(5)**

13. किन्हीं पाँच व्यावसायिक हानियों का उल्लेख करें जो व्यावसायिक आय से कटौती योग्य नहीं हैं। **(5)**

14. किस परिस्थिति में एक व्यक्ति की आय दूसरे व्यक्ति की आय मानी जाती है? **(5)**